e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स०सं०:-03/भू०अ०नि० (04) विशेष सर्वे- 04/2022 2382

प्रेषक,

जय सिंह, भा०प्र०से०
निदेशक,
भू-अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

उप निदेशक,
बिहार सर्वेक्षण कार्यालय,
गुलजारबाग, पटना।

पटना, दिनांक :- 13/9/2022

विषय :- विशेष सर्वेक्षण के तृतीय एवं चतुर्थ चरण में चयनित कुल 6+7=13 जिलों के बचे शेष अंचलों का मौजा दर्शाने वाला अंचल मानचित्र A1 साईज में मुद्रित कर उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण चल रहे कुल 20 जिलों के अतिरिक्त बचे शेष 18 जिलों जिन्हें तीन चरणों विभक्त किया गया है। तृतीय चरण के छः जिलों एवं चतुर्थ चरण के सात जिलों कुल तेरह जिलों में प्राथमिकता के आधार पर विशेष सर्वेक्षण का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाना है। इन तेरह जिलों के 89 अंचलों में शिविरों का गठन किया जा चुका है। शेष 205-89=116 अंचलों में विशेष सर्वेक्षण शिविरों का गठन किया जाना है। इस प्रयोजनार्थ इन अंचलों के अंचल मानचित्र जिसमें मौजे प्रदर्शित हो कि शिविर गठन हेतु आवश्यकता है ताकि एक कलस्टर के मौजों को एक शिविर में रखने हेतु चिन्हित किया जा सके। इन अंचलों की सूची हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को नोडल पदाधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

अतः आपको निर्देशित करते हुए कहना है कि इन 13 जिलों के बचे शेष 116 अंचलों का अंचल मानचित्र हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों से सॉफ्ट कापी में मानचित्र प्राप्त कर A1 साईज में मुद्रित कर संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी-सह-स०ब०प०, श्री सुनील कुमार एवं श्री पंकज कुमार को शीघ्रताशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगी।

विश्वासभाजन

13/9/22

(जय सिंह)
निदेशक,
भू-अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः 03/भू०अ०नि० (04) विशेष सर्वे- 04/2022 2382 **पटना, दिनांकः** 13/9/2022

प्रतिलिपिः- प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/18 जिलों के नोडल पदाधिकारी, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/9/22

निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 03/भू०अ०नि० (04) विशेष सर्वे- 04/2022 2382 **पटना, दिनांकः** 13/9/2022

प्रतिलिपि :- हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IEISL (IL&FS), GISC, IIC के प्रतिनिधियो को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप

13/9/22